an>

Title: Need to include construction of new railway line from Bilara to Bar in Jodhpur, Rajasthan in the Railway Budget.

श्री पी.पी. चौधरी (पाली) ः मैं सरकार का ध्यान वर्ष 1997 में तत्कालीन रेल मंत्री श्री राम विलास पासवान जी द्वारा जोधपुर जिले की बिलाड़ा से बर नई रेल लाइन की घोषणा की ओर आकर्षित करते हुए बताना चाहूँगा कि उक्त योजना का शिलान्यास किया जा चुका है, लेकिन कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हो सका। बिलाड़ा से बर की दूरी केवल 40 कि.मी. मात्र है। यदि इन दोनों को रेलवे लाईन से जोड़ दिया जाता है तो हज़ारों की संख्या में लोगों को रेल सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा व जोधपुर-जयपुर-दिल्ली की दूरी भी बहुत कम होगी तथा इसके साथ-साथ जोधपुर व अजमेर आर्मी कैन्ट वाले दोनों शहर में बेहतर कनेक्टिवटी मिल सकेगी।

इस संबंध में रेल मंत्रालय द्वारा सर्वे भी कराया जा चुका है। रेलवे बोर्ड द्वारा इसे सहमति के साथ प्लानिंग कमीशन में भेज दिया गया था, लेकिन प्लानिंग कमीशन द्वारा इस योजना को ""कमर्शियली नॉट वाईबल"" बताकर छोड़ दिया गया था।

अब इस बात को 15 वर्ष का समय बीत चुका है। वहां लाईम स्टोन और सीमेंट के उद्योग विकसित हो चुके हैं। यदि पुनः सर्वे करवाया जाएगा तो मुझे पूरा विश्वास है कि बिलाड़ा-बर रेल लाईन कमर्शियली वाईबल के साथ-साथ सोशियल रूप से बहुत महत्वपूर्ण है। राजस्थान सरकार के ब्यूरों को इन्वेस्टमेंट प्रमोशन एवं उद्योग विभाग द्वारा बिलाड़ा-बर रेल लाईन के महत्व और आवश्यकता के बारे में रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है।

अतः मेरा अनुरोध है कि बजट सत्र 2016-17 के दौरान बिलाड़ा से बर नई रेल लाइन बनाने की घोषणा करने की कृपा करें।